लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़ रायपुर
(प्रथम तल, सी खण्ड इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर)
(दूरभाष क्रमांक 0071–2331385 ई.मेल.आई.डी. cg.dpi.dir@gmail.com)

क्रमांक/अनुदान/ सी.बी.एस.ई./एन.ओ.सी./2024/ 303 नवा रायपुर दिनांक 13.03.2024

प्रति,

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय महानदी भवन
नवा रायपुर .

विषयः सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम से संबध्दता बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में– प्रेरणा विद्यालय, कठिया वि.खं.बेरला जिला बेमेतरा।

संदर्भः जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा का पत्र क्रमांक/7793/मान्यता/सी.बी.एस.ई./ अनापत्ति/ 2024 दिनांक 11.03.2024

––00––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम से संबध्दता बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में प्रेरणा विद्यालय, कठिया वि.खं.बेरला जिला बेमेतराप्रस्ताव प्रस्तुत प्रेषित किया गया है। प्रस्ताव का परीक्षण छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक/एफ 6–1/ 2008/ 20–तीन दिनांक 09.7. 2013 एवं एन.आई.सी.द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार निम्नानुसार किया गया है :–

1. विभागीय अनापत्ति हेतु केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल दिल्ली द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र की प्रति संलग्न किया गया है।
2. संस्था की कार्यकारिणी में छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल के प्रतिनिधि नामांकित किया गया है,अभिलेख की प्रति संलग्न है।।
3. छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक/एफ 6–1/2008/20–तीन दिनांक 09.07.2013 में दिये गये निर्देशों के पालन करने के संबंध में मूल शपथ–पत्र संलग्न है।
4. संस्था के प्रबंध कार्यकारिणी समिति में शासकीय प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने संबंधी पत्र संलग्न है।
5. जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा नर्सरी से 8 वीं तक मान्यता प्रदान किया गया है एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा हेतु नवीन मान्यता दिया गया है।
6. संस्था के पास स्वयं की भूमि है। जिसका क्षेत्रफल 30900 वर्गमीटर है। बिल्डअप एरिया 2880 वर्गमीटर है। भूमि का खसरा,नक्शा,किश्तबंदी खतौनी इत्यादि की जानकारी ।
7. स्कूल में कम्प्यूटर लैब, प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय उपलब्ध होने संबंधी प्रमाण पत्र एवं फोटोग्राफ्स संलग्न हैं।
8. संस्था में नर्सरी से 12 वीं तक कुल अध्ययनरत् विद्यार्थियों की कक्षावार दर्जसंख्या सत्र 2023–24 की स्थिति में 306 हैं।
9. विद्यालय में कार्यरत् शिक्षक/कर्मचारी की कुल संख्या 40 है। स्टॉफ की सूची (पद, शैक्षणिक योग्यता, वेतन इत्यादि की जानकारी ।
10. शिक्षण समिति के पंजीयन संबंधी अभिलेख के अनुसार समिति का नाम प्रेरणा विद्यालय, गांधी विद्या मंदिर, सरदार शहर, जिला चुरू, राजस्थान है। पंजीयन क्रमांक 9 सन् 1951–52 है। समिति की नियमावली व समिति के सदस्यों की सूची आदि की जानकारी संलग्न है।
11. संस्था में पेयजल, अग्निशमन यंत्र, खेलमैदान उपलब्ध होने संबंधी प्रमाण–पत्र एवं फोटोग्राफ्स संलग्न है।
12. संबंधित स्कूल निरीक्षण प्रमाण पत्र संलग्न है।
13. शाला का 3 वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट संलग्न किया गया है।
14. संस्था में पालक–शिक्षक समिति गठित किये जाने संबंधी अभिलेख संलग्न है।
15. संस्था का शुल्क विवरण पत्रक संलग्न है।
16. जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अशासकीय शिक्षण संस्था को सी.बी.एस.ई.संबध्दता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने के संबंध में संस्था को संपूर्ण संसाधनों से परिपूर्ण बताये जाने संबंधी पत्र संलग्न है।

Scanned with OKEN Scanner

17. तीन महिनों की स्टॉफ की उपस्थिति रजिस्टर की जानकारी संलग्न है।
18. स्टॉफ के वेतन का सैलरी सर्टिफिकेट का प्रमाण पत्र संलग्न है।
19. स्कूल भवन निर्माण किये जाने भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र संलग्न किया गया है।
20. कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) बेमेतरा जिला बेमेतरा द्वारा प्रदाय भवन सुरक्षित संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न है।

उपरोक्तानुसार अशासकीय शिक्षण संस्था प्रेरणा विद्यालय, कठिया वि.खं.बेरला जिला बेमेतरा को नर्सरी से कक्षा 12वीं तक शिक्षा सत्र 2024–25 से सी.बी.एस.ई.पाठ्यक्रम सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने बाबत प्रस्ताव अनुशंसा सहित प्रेषित किया जाता है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़ नवा रायपुर

पृ.क्रमांक/ अनुदान/ आई.सी.एस.ई../एन.ओ.सी./2023/304 नवा रायपुर दिनांक 13.03.2024
प्रतिलिपि,

1. जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्राचार्य, अशासकीय शिक्षण संस्था प्रेरणा विद्यालय, कठिया वि.खं.बेरला जिला बेमेतरा द्वारा अपने पत्र क्रमांक दिनांक 05.03.2024 की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़ नवा रायपुर

Scanned with OKEN Scanner